उत्तर प्रदेश शासन
लोक निर्माण अनुभाग-10
संख्या-43/2022/278/23-10-2022-4(ब) /2018
लखनऊः दिनांक 04 मई, 2022

कार्यालय ज्ञाप
(शुद्धि पत्र)

कार्यालय प्रमुख अभियंता (बजट 'क' वर्ग), लो0नि0वि0 के पत्रांक-01बी0जी0/31बी0-14/2022 दिनांक 04.04.2022 द्वारा किये गये अनुरोध के क्रम में वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुदान सं0-54 ले0शी0-2059 के अंतर्गत 04 माह के लेखानुदान (माह अप्रैल से जुलाई, 2022 तक) राजस्व लेखा में रू0 77468.34 लाख, भारित मद में रू0 1.00 लाख एवं पूँजीलेखा मद में रू0 13.62 लाख तद्नुसार कुल धनराशि रू0 77482.96 लाख की धनराशि शासनादेश सं0-40/2022/200/23-10-22-04(ब)/2018, दि0 19.04.2022 द्वारा प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0 के निवर्तन पर रखी गयी है।

2- उक्त के संबंध में कार्यालय प्रमुख अभियंता (बजट 'क' वर्ग), लो0नि0वि0 के पत्रांक-1230बी0जी0/ 31बी0-14/2022 दिनांक 28.04.2022 द्वारा यह अवगत कराया गया है कि उनके पत्र दि0 04.04.2022 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव में राजस्व लेखा मद में रू0 77468.34 लाख त्रुटिवश अंकित हो गया है, जबकि वास्तविक योग रू0 77568.40 लाख है। उक्त के दृष्टिगत शासनादेश दि0 19.04.2022 द्वारा राजस्व लेखा मद में निवर्तन पर रखी धनराशि रू0 77468.34 लाख के स्थान पर संशोधित धनराशि रू0 77568.40 लाख अंकित करते हुये तदनुसार राजस्व लेखा मद में रू0 77568.40 लाख, भारित मद में रू0 1.00 लाख एवं पूँजीलेखा मद में रू0 13.62 लाख अर्थात कुल धनराशि रू0 77583.02 लाख निवर्तन पर रखे जाने संबंधी संशोधन आदेश निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया हैं।

3- अतः कार्यालय प्रमुख अभियंता (बजट 'क' वर्ग), लो0नि0वि0 के पत्र दिनांक 28.04.2022 द्वारा किये गये अनुरोध के दृष्टिगत उक्त संदर्भित शासनादेश दिनांक 19.04.2022 द्वारा राजस्व लेखा मद में निवर्तन पर रखी धनराशि रू0 77468.34 लाख के स्थान पर संशोधित धनराशि रू0 77568.40 लाख, भारित मद में रू0 1.00 लाख एवं पूँजीलेखा मद में रू0 13.62 लाख अर्थात कुल धनराशि रू0 77583.02 लाख पढ़ा जाय। उक्त शासनादेश दि0 19.04.2022 इस सीमा तक संशोधित समझा जायेगा तथा शेष तथ्य एवं शर्तें यथावत् लागू रहेंगी।

राजेश कुमार अग्रवाल
संयुक्त सचिव।

संख्या-43/2022/278(1)/23-10-22, तददिनांक।

प्रतिलिपि संलग्नक सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हक0, प्रथम एवं द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज ।
2- प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ ।
3- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ ।
4- वित्त(व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8 ।
5- वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 एवं 2 ।
6- नियोजन अनुभाग-4 / गार्ड फाईल ।

आज्ञा से,

(राजेश कुमार अग्रवाल)
संयुक्त सचिव।